एक नजर में

मुख्यमंत्री से शिव लिंग तोड़ने वाले आरोपियों पर रासुका लगाने और घर तोड़ने की मांग : हिन्दु महासभा

बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले के लालबाग थाना क्षेत्र के विरोदा गांव में दो जेहादी मानसिकता वाले व्यक्तियों ने महादेव मंदिर में शिव लिंग को पुरा खंडित कर दिया है जिसके लिए आज अखिल भारत हिन्दू महासभा की बुरहानपुर जिला टीम उस मंदिर पर जाकर यथा स्थिति देखी। आखिर कब तक ग्राम विरोदा में ये शरारती मानसिकता के लोग शरारत करेंगे अब इनके खिलाफ कठोर कदम शासन एवं प्रशासन को उठाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से मांग की गई है इन आरोपियों पर छै। लगाकर इनके मकान को तुरंत तोड़ा जाए। ग्राम विरोदा में ये पहला मामला नहीं है वहाँ के कुछ लोग लगातार जानबूझकर ऐसी हरकतें करते है इसलिए वहाँ पर एक पुलिस चौकी की भी माँग की गई है जिससे हमेंशा वहाँ शांति बनी रहें। दोनों आरोपियों को तुरंत पकड़ने के लिए लालबाग थाने के टी आई साहब अमित जी जादौन और उनकी पूरी टीम का हिन्दू महासभा के सभी साथियों द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। विरोदा में आज आज़ाद प्रदेश प्रवक्ता,आनंद मेहता जिला अध्यक्ष, मुकेश डालमिया जिला संगठन मंत्री,आकाश जी चौधरी, नवीन जी गगनानी,यश जी अगनानी सहित बहुत से हिन्दू महासभाई साथ गए थे।

शाहपुर थाना प्रभारी बने देवकरण डेहरिया

शाहपुर। शाहपुर थाने की कमान टीआई देवकरण डेहरिया ने संभाली। टीआई ने कामकाज संभालते ही कहा हर ग्राम के लोगों के साथ ग्रुप बनाया जाएगा। सीधे संवाद के साथ.साथ उस गांव की पूरी जानकारी हमें प्राप्त होती रहेगी। श्री डेहरिया ने ग्राम शाहपुर को पूर्ण रूप से सीसीटीवी से लैस करने की बात कही उन्होंने कहा पूरे ग्राम एवं प्रमुख चौराहों में जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे जिससे कोई भी आपराधिक गतिविधि की बारीकी से जांच हो सके।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गीता जयंती महोत्सव मनाया

बुरहानपुर। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गीता जयंती महोत्सव समिति द्वारा गीता जयंती का कार्यक्रम दिनांक 1 दिसम्बर सोमवार शाकंभरी माता मंदिर आदर्श कॉलोनी लालबाग रोड बुरहानपुर पर मनाई जाएगी। समिति के प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने बताया की यह गीता जयंती महोत्सव विगत 31 वर्षों से निरंतर मनाते चले आ रहे हैं इसी के अंतर्गत शाकंभरी माता मंदिर आदर्श कॉलोनी में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक के गीताजी के 18 अध्याय का संस्कृत में सामूहिक पाठ वाचन होगा। समिति के सदस्य पवन मोदी ने बताया कि 18 अध्याय के वाचन के समाप्ति के बाद आरती एवं प्रसाद वितरित किया जावेगा। समिति के संरक्षक लक्ष्मणजी पोद्दार ने बताया कि शाम 5.30 बजे प्रसाद के साथ.साथ गीताजी की पुस्तक श्रद्धालुओं को भेंट की जावेगी स पवन प्रोद्दार ने सभी धर्म प्रेमी जनता से सहआग्रह से निवेदन किया है कि इस गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रम में अवश्य सम्मिलित होकर गीता पाठ का वाचन अवश्य करें।

राज्य स्तरीय कर्मचारी एवं पदाधिकारी की कार्यशाला

बुरहानुपर। प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश पंचायत प्रीति सिंह राठौड़ ने बताया कि पंचायती राज भोपाल में राज्य स्तरीय कर्मचारी एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारी की कार्यशाला इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इसमें मध्य प्रदेश के सभी त्रिस्तरीय पंचायत के अध्यक्ष गण सदस्य गण जनपद अध्यक्ष जनपद सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सरपंच उपस्थित रहे। 24 ,25, 26 तीनों दिवसीय तीन दिवसीय कार्यशाला में अपनी सभागत सहभागिता की।

ग्राम बिरोदा में 24 कुण्डिय गायत्री महायज्ञ का आज से शुभारम्भ

बुरहानपुर। ग्राम बिरोदा में सुख शांती एवं समृद्धि के लिए ईनाई माता मंदिर में श्री श्री 108 एकनाथ महाराज जी की आषीश से गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन निमित्त रविवार को सुबह ग्राम तीर्थ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में महिलाए ,पुरूष , बच्चे शामील हुवें। इस दौरान हम बदलेंगें युग बदलेगा, हम बदलेगें जग बदलेगा, के नारो से भक्तजन आकाश को गुंजायमान कर रहे थे। सायं ग्रायत्री परिवार के श्री मेवालालजी पाटीदार ने अपाना उदबोधन दिया। आपने मां गायत्री की महिमा और उसके कार्यो की व्याख्या करते हुवे गायत्री महायज्ञ पर विस्तार से अपनी बात रखी। सोमवार को 24 कुण्डिय गायत्री महायज्ञ प्रारम्भ होगा। उपरोक्त जानकारी गायत्री परिवार के मनोज तिवारी द्वारा दी गई।

सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालो दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालो के विरुद्ध की जाएगी रासुका की कार्रवाई।

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। दिनांक 29/11/2025 को अज्ञात आरोपियो द्वारा पानी की टंकी के पास पाडला रोड इनाई माता मंदिर के पास ग्राम बिरोदा स्थित महादेव मंदिर को मंदिर की गुम्बज ए कलशए जलाधारी एवं महादेव जी की पींड को टिकम से तोडफोड कर क्षतिग्रस्त कर हिन्दू धर्म की धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुंचाई। जिस पर फरियादी भारत चौधरी पिता पांडुरंग चौधरी उम्र.27 साल निण्वी आई पी नगर ग्राम बिरोदा लालबाग बुरहानपुर की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अज्ञात आरोपियो के विरुध्द अपराध क्रमांक 328/25 धारा 298,324,(1) बीएनएस एवं आरोपियो द्वारा खेतो में सिचाई करने वाले उपकरणो एवं फसलो को भी नुकसान पहुचाया है। जिस पर अपराध क्रमांक 330/25,331/25,332/25 धारा 326 (A) बीएनएस का पंजीबध्द किया गया।

पुलिस द्वारा कार्यवाही:- अपराध की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्री हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले के अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे।

नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी लालबाग अमित सिंह जादौन द्वारा टीम गठित कर अपराध में अज्ञात आरोपीगणों को 24 घंटे में आस पास के सीसीटीव्ही फुटेज,स्थानीय लोगो से पूछताछ तथा टेक्निकल इनपुट के आधार पर दो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ करते हुए उन्होंने जुर्म करना स्वीकार किया गया जिन्हे माननीय न्यायालय में पेश किया जावेगा।

पकडे गये आरोपी का नाम:- फकीरा पिता फत्तु उम्र 34 साल निवासी बिरोदा थाना लालबाग एंव सिराज तडवी पिता इब्राहिम तडवी उम्र 35 साल निवासी ग्राम बिरोदा थाना लालबाग बुरहानपुर।

सराहनीय भूमिका:- नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, निरीक्षक अमित सिंह जादौन,उनि जयपाल राठौर, सउनि अमित हनोतिया, प्रधान आरक्षक अजय बारुले, भरत देशमुख, रोहित गोडाले, सुशील इंगल,मनोज पाल,शादाब अली, आरक्षक नितेश सपकाले, महेश प्रजापति, दिपांशु की सराहनीय भूमिका रही।

गोला फेंक, दौड़ खो-खो प्रतियोगिताएं हुई

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। माय भारत केन्द्र बुरहानपुर व्दारा,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार दो दिवसीय दिनांक 29.30 नवंबर 2025 को खेल प्रतियोगिताएं . दौड़ . गोला फेक.रस्सा कशी.खो खो . प्रतिस्पर्धाए हुई। जिला युवा अधिकारी, मोनिका चौधरी ने बताया कि ग्रामीण खेल उत्सव के तहत खेल कुद को शासकीय सुभाष हाई स्कूल के प्रांगण मे हुई जिस में विभिन्न छात्रवासो में अध्ययनरत ग्रामीण युवाओं एवं युवतियों के मध्य हुआ। जिला अधिकारी ने कहा कि खेल व योग से युवाओं का स्वास्थ्य एवं मानसिकता का विकास होता है युवाओ को हर रोज व्याम करना चाहिए तथा सब ही विजेताओं एवं उपविजेताओ को केन्द्र की ओर से स्मृति चिन्ह,मेडल,प्रणाम पत्र से सम्मानित किया गया,प्रथम स्थानए उत्कृष्ट सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास शिकारपुरा ने सब से अधिक पुरुस्कार जीते हैं, व्दितीय स्थान पर महा विद्यालीन अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बुरहानपुर व अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, पुरुषार्थी बुरहानपुर, तृतीय स्थान पर।

महापौर ने घर-घर जाकर एसआईआर सर्वे के लिए आम जनता को किया प्रेरित

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। मतदाता सूची दुरुस्त करने के काम में 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक निर्वाचन आयोग काम करेगा। ताकि किसी तरीके से भी कोई पात्र मतदाता छूट न सके और गलत मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में शामिल न हो सके इसको लेकर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने भी कमर कसना शुरू कर दिया है। महापौर ने कहा है कि सरकारी बीएलओ के साथ.साथ पार्टी के बीएलए भी ये काम करेंगे। एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बुरहानपुर शहरी व्यापक स्तर पर कार्य जारी है विशेष गहन पुनरीक्षण में होने वाले कामों की जानकारी दी

निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल द्वारा लगातार घर.घर जाकर सभी से कह रहे हैं अपना बहुमूल्य वोट कीमती हैं आज रविवार दिनांक 30/11/2025 को प्रात: रूईकर वार्ड स्थित बूथ क्रमांक 225, 226 और 227 पर एसआईआर सर्व को लेकर बुरहानपुर शहर के प्रथम नागरिक श्रीमती माधुरी अतुल पटेल एवं पूर्व महापौर श्री अतुल पटेल द्वारा इंदिरा कॉलोनी में बुथ पर कार्यकर्ताओं के साथ घर.घर जाकर जिन मतदाताओं के फार्म जमा नहीं हुए थे उन मतदाताओं को फर्म जमा करने के लिए प्रेरित किया एवं उन्हें विस्तृत रूप से जानकारी दी की पत सर्वे क्यों हो रहा है इसके क्या लाभ भविष्य में समाज को एवं राष्ट्र को होने वाले हैं।

वार्ड नंबर 42 में तीनों बूथों को मिलाकर लगभग 135 फॉर्म जमा होना शेष है पूर्व महापौर अतुल पटेल जी ने कार्यकर्ताओं को समझाइ एवं बताया की एक या दो दिन में सरकारी महकमें के साथ मिलकर इस कार्य को पूर्ण करे।

एक भी मतदाता एसआईआर प्रक्रिया में छूटा सुरक्षा चक्र टूटा : जैन

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र.भोपाल के निर्देश पर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुरहानपुर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट आइकोन महेंद्र जैन ने एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जन जन में जागरूकता हेतु संबोधित करते हुए।

उन्होने कहा कि इस देश के उन युवाओ को एसआईआर के बारे में जानकारी देते हुए कहा की इस देश के प्रत्येक मतदाता को जागरूक रहकर एसआईआर के अंतर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मांगी गई जानकारी के अनुरूप जानकारी देकर बीएनओं के पास फॉर्म जमा कराए। जिससे की भारत निर्वाचन आयोग की एम.प्र.चुनाव आयोग की एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कलेक्टर बुरहानपुर हर्ष सिंह की जो मंशा है की शत प्रतिशत मतदाताओ का नाम इस एसआईआर प्रक्रिया में दर्ज हो जिससे की जो सुरक्षा चक्र इस देश वासियों के लिए बनाया है वह टूटने ना पाए।

इस अवसर पर यूनिक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर सैय्यद फरीद, अकेडमी डायरेक्टर आरिफा शीरीन,सेवासदन हायर सेकेंडरी स्कूल बुरहानपुर प्राचार्य दीक्षित सर , गुरु गोविन्द सिंह डेंटल कोलेज के प्राचार्य डॉ कृष्णराव के साथ साथ बहुत बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राए व् मतदाता गण इस अवसर पर मौजूद थे।

शहर में आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक , प्रशासन से कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। शहर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और स्थिति दिन.ब.दिन गंभीर होती जा रही है। स्थानीय नागरिकों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना अब असुरक्षित महसूस होने लगा है। कई बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहाँ आवारा कुत्तों ने बच्चों को निशाना बनाया हैए वहीं क्षेत्र में पाली जाने वाली बकरियाँ भी इनका शिकार बन रही हैं। इन घटनाओं के बावजूद, जिम्मेदार विभाग नगर निगम की लापरवाही साफदिखाई देती है। नगर निगम द्वारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए समय.समय पर नसबंदी कार्यक्रम चलाए जाने की घोषणाएँ की गई थीं। इसके लिए निविदाएँ भी आमंत्रित की गईं और संबंधित एजेंसियाँ भी बुरहानपुर तक पहुँचीं। लेकिन यह पूरा प्रयास सिर्फकागज़ों तक सीमित रह गया। योजनाएँ बनीं, एजेंसियाँ आईं, निरीक्षण हुआ अंत में पूरा मामला टाय.टाय फिश हो गया। न तो नियमित नसबंदी हुई, न ही आवारा कुत्तों के आश्रय या पुनर्वास की कोई ठोस व्यवस्था। आज हालात यह हैं कि शहर की गलियों में कुत्तों का झुंड आम दृश्य बन चुका है। रात के समय इन कुत्तों की संख्या और आक्रामकता बढ़ जाती हैए जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएँ भी बढ़ती हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि नगर निगम की उदासीनता के कारण नागरिकों की सुरक्षा दांव पर लगी हुई है। जरूरत इस बात की है कि नगर निगम तत्काल प्रभाव से ठोस कदम उठाए। नसबंदी कार्यक्रम को गंभीरता से लागू किया जाए, कुत्तों के लिए आश्रय स्थल विकसित किए जाएँ और पशु कल्याण संगठनों के सहयोग से एक स्थायी समाधान तैयार किया जाए। यदि प्रशासन ने समय रहते ध्यान नहीं दिया। तो आने वाले दिनों में यह समस्या और भी भयावह रूप ले सकती है। शहरवासियों की सुरक्षा नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए और अब यह कार्रवाई का समय है, न कि केवल घोषणाओं का।

थाना कोतवाली द्वारा कार्रवाई में 252 लीटर अवैध शराब जब्त

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार व्दारा अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था।

नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में दिनांक 30/11/2025 को थाना प्रभारी कोतवाली सीताराम सोलंकी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की दाउदपुरा हिंगलाज माता मंदीर के पास दाउदपुरा गणेश वारूडे नाम के व्यक्ति के घर पर अवैध शराब लाकर रखी है।जो कि बैचने के फिराक में है। सूचना पर विशेष टीम गठीत कर मय पंचानो के मुखबीर व्दारा बताये स्थान दाउदपुरा हिंगलाज माता मंदीर के पास दाउदपुरा गणेश वारूडे के घर पर पहुँचे घर का दरवाजा खटखटाया एक व्यक्ति ने दरवाजा खोला नाम पता पुछते अपना नाम गणेश वारूडे पिता प्रकाश वारूडे उम्र 36 साल निवासी हिगंलाज माता मंदीर के पास दाउदपुरा का बताया उसके आगे के कमरे मे रखी शराब की पेटीया दिखी जिससे उक्त शराब के संबंध पुछताछ करते शराब बैचने के संबंध मे लायसेंस का पुछते नही होना बताया।आरोपी के कब्जे से देशी दारू शराब टेंगो पंच,गोवा विस्की की कुल 252 लीटर अवैध शराब जप्त की गई जो की कुल किमती 1,20,250/- रूपये की होना पाई। जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 228/2025 धारा 34,(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी से अवैध शराब के संबंध में पुछताछ की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी:- गणेश वारूडे पिता प्रकाश वारूडे उम्र 36 साल निवासी हिगंलाज माता मंदीर के पास दाउदपुरा

महत्वपूर्ण भूमिका:- थाना प्रभारी कोतवाली सिताराम सोलंकी, उप निरिक्षक विनोद गोड़,प्रआर. राकेश शर्मा, दारासिंह , मातादीन कुशवाह, महिल

बुरहानपुर में नि :शुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 29 नवम्बर शनिवार को सेवा नेत्रालय सिंधी बस्ती बुरहानपुर में नि:शुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 32 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अपूर्वा यादव के द्वारा मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगों के लिए नि:शुल्क परामर्श एवं इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का नि: शुल्क जनरल चेकअपए ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में एवं ऑल इज वैल हॉस्पिटल के स्टाफ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

श्री दिगंबर जैन दर्शनोदय तीर्थ क्षेत्र थूबौन जी की वंदना

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। जो व्यक्ति धर्म समाज और राष्ट्र के सुख की कामना करते हैं वे तीर्थरक्षक होते है.इस विचार का अनुसरण करते हूए समाजसेवी दिलीप कुमार जैन पहाड़िया ने बुरहानपुर वासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए अपनी सहधर्मिणी श्रीमती ज्योति जैन पहाडिया के साथ श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र सोनागिर, श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र गोलाकोट, श्री दिगंबर जैन दर्शनोदय तीर्थ क्षेत्र थूबौन जी की वंदना की। आपके इस पुण्य की अनुमोदना करते डाण् सुरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि आपको एवं बुरहानपुर वासियों को जगत् पूज्य निर्यापक आचार्य श्री सुधासागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआण्श्री दिलीप पहाडिया ने दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्रए गोलाकोट में बोली लेकर अतिशयकारी श्री आदिनाथ भगवान का प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा कीण् मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा है कि जो दंपति अपना विवाह वर्ष वर्धन दिवस तीर्थ क्षेत्र पर मनाते हैं उनके जीवन में सुख एवं यश की प्राप्ति होती हैण्इसी उपदेश का अनुसरण करते हुए श्री दिलीप कुमार जैन एवं ज्योति जैन पहाड़िया ने अपना विवाह वर्षवर्धन दिवस गोलाकोट तीर्थ क्षेत्र पर मनायाण् यहां जनवरी माह में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन मुनि श्री के सानिध्य में होगा।

एक नजर कहा- भूमि अधिग्रहण कानून के तहत भूमि का उचित मूल्य निर्धारण हो

पांगरी बांध प्रभावित किसानों ने अर्द्ध जलमग्न होकर चेतावनी दी

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। पांगरी बांध से प्रभावित किसानों ने रविवार को उतावली नदी में अर्ध जलमग्न होकर प्रदर्शन किया। उन्होंने भूमि अधिग्रहण कानून के तहत न्यायसंगत मुआवजे की मांग की। किसानों ने शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करते हुए सरकार को आगाह किया। उनका आरोप है कि उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है और गरीब तथा आदिवासी किसानों का शोषण हो रहा है। किसानों की मुख्य मांग भूमि अधिग्रहण कानून के तहत भूमि का उचित मूल्य निर्धारण है। वे चाहते हैं कि यदि सरकार एक गुना मुआवजा देती है,तो वह शहरी दरों के अनुसार हो। यदि शहरी दरों पर मुआवजा संभव न हो, तो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निर्धारित दोगुना मुआवजा प्रदान किया जाए।

यह पांगरी बांध खकनार तहसील के पांगरी, नागझिरी और बसाली गांवों की कुल 287 हेक्टेयर भूमि को जलमग्न करेगा। इससे लगभग डेढ़ हजार किसान प्रभावित होंगे। यह बुरहानपुर जिले का सबसे बड़ा बांध है, जिससे 4,400 हेक्टेयर भूमि सिंचित होने का अनुमान है। किसानों का कहना है कि वे पिछले तीन वर्षों से लगातार अपनी मांगों को लेकर सरकार से निवेदन और आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई है। किसान डॉ.रवि कुमार पटेल ने बताया कि इस परियोजना का अनिवार्य पर्यावरण प्रभाव आकलन भी नहीं किया गया है।

डॉ. पटेल ने यह भी आरोप लगाया कि पूरे जिले में गरीब किसानों की भूमि औने.पौने दामों पर खरीदी हैए जो कानूनी और मानवीय दोनों दृष्टियों से गलत है। उन्होंने पर्यावरण संबंधी चिंताएं भी व्यक्त कीं। उनके अनुसार मदनफल, शिवलिंगी, बला, नागबला, अर्जुन, शीशम, अपामार्ग, हरड़,बहेड़ा जैसे संवेदनशील और संरक्षित पेड़ों के साथ.साथ अन्य औषधीय पौधों और प्रजातियों का भी विनाश होगा। जिसके लिए कोई सहायता योजना नहीं है। इस आंदोलन में नंदू पटेल,मान्या भिलावेकर, रामदास महाराज, माधो नाटो, बद्री वास्कले, श्रीराम, सालिकराम, श्रीकिसन, नीतीश श्रॉफ संजय चौकसे, मामराज, राजूभाई, नवल, राहुल राठौड़,डॉ.ओमप्रकाश राठौड़, देवा, विजय, पन्ना पटेल और रुपला सहित कई अन्य किसान शामिल थे।